कार्यालय जनपद न्यायाधीश, देवरिया।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या–14/एडमिन 'डी' अनुभाग, दिनांकित 15.10.2022 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय देवरिया में सेवानिवृत्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सीमित अवधि के लिए पुर्ननियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। चयन हेतु निर्धारित अर्हताये एवं शर्ते माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक बेबसाईट www.allahabadhighcourt.in एवं जनपद न्यायालय देवरिया की आधिकारिक बेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/deoria पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नियुक्ति से संबंधित अन्य विवरण न्यायालय के सूचनापट्ट/प्रशासनिक कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

01.12.22

(विवेक कुमार सिंह)
सदस्य चयन समिति/
सिविल जज (सी0डि0),
कक्ष संख्या–18, देवरिया।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, देवरिया।

जनपद न्यायालय देवरिया में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के संबंध में सामान्य निर्देश

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या–14/एडमिन 'डी' अनुभाग, दिनांकित 15.10.2022 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय देवरिया में सेवानिवृत्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सीमित अवधि के लिए पुर्ननियुक्ति हेतु आवेदन पत्र निम्नलिखित सामान्य नियम एवं शर्तों के अध्यधीन आमंत्रित किये जाते हैं:–

1– सेवानिवृत्त कर्मचारी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

2– सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुर्ननियुक्ति अधिकतम 1 वर्ष के लिये की जायेगी। पुर्ननियुक्ति कर्मचारीगण की सेवाएं जिस पद के सापेक्ष की जायेगी वह पद सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति द्वारा भरे जाने की दशा में संबंधित कर्मचारी की सेवायें समाप्त कर दी जायेगी।

3– पुर्ननियुक्ति सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अंतिम आहरित वेतन की धनराशि से वर्तमान पेंशन की धनराशि को धटाते हुये शेष धनराशि परिलब्धियों के रूप में देय होगी।

4– अभ्यर्थियों को अपने प्रार्थना–पत्र के साथ उनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित न होने और न ही किसी भी न्यायालय द्वारा उन्हें दोषसिद्ध किया गया है, संबंधी शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

5– अभ्यर्थियों को दो सम्भ्रात व्यक्तियों द्वारा चरित्र प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

6– अभ्यर्थियों को सेवा में पुर्ननियुक्ति के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र नियुक्ति तिथि से एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना आवश्यक है।

7– पुर्ननियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनाई जायेगी। अभ्यर्थी **दिनांक 12.12.2022** तक आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे तथा साक्षात्कार हेतु **दिनांक 16.12.2022** को सायंकाल 04:30 बजे जनपद न्यायालय परिसर स्थित प्रशासनिक अनुभाग में उपस्थित होगें।

8– साक्षात्कार हेतु उपस्थित व्यक्तियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

01.12.22

(विवेक कुमार सिंह)
सदस्य चयन समिति/
सिविल जज (सी0डि0),
कक्ष संख्या–18, देवरिया।

जनपद न्यायालय, देवरिया में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के लिए आवेदन–पत्र।
(As per C.L. No.14/Admin.'D' Section Dated 15.10.2022)

आवेदित पद का नामः आशुलिपिक/लिपिक/चतुर्थ श्रेणी

नवीतम पासपोर्ट साइज फोटो

1. आवेदक का नाम :
2. पिता/पति का नाम :
3. जन्म तिथि :
4. सेवानिवृत्त की तिथि :
5. अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं)

   ....

6. पी0पी0ओ0 संख्या (छायाप्रति संलग्न करें):...
7. स्थायी पताः ....
   ....
   ....
8. अस्थायी पताः ....
   ....
   ....
9. मोबाईल नम्बरः ....
10. ई0मेल आई0डी0: ....
11. शैक्षणिक योग्यताः ....

अण्डरटेकिंग

मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूँ/कर रही हूँ कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूँ एवं जनपद न्यायालय देवरिया में आवेदित पद पर कार्य करने करने हेतु सक्षम हूँ । मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नही दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यावाही लम्बित नही है।

मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय सूचनायें गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वंय होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैनें आवेदन संबंधी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार है।

दिनांक: आवेदक के हस्ताक्षर